भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1712
(02 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के तहत कार्य दिवस

1712. श्री कानुमुरु रघु राम कृष्णराजूः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आंध्र प्रदेश में मनरेगा के तहत कार्यदिवसों की संख्या में वृद्धि करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार ने इस संबंध में केन्द्र सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त प्रस्ताव पर कोई निर्णय लिया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): जी, नहीं। तथापि, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की सिफारिश पर देश में अधिसूचित सूखा प्रभावित क्षेत्रों या प्राकृतिक आपदा वाले क्षेत्रों में 100 दिनों के मजदूरी रोजगार के अलावा 50 दिनों का अतिरिक्त रोजगार प्रदान किया जाता है।

(ख): जी, नहीं।

(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****